हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-29, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 04 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

### तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन हो गया है। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में पूर्व सीएम ने अंतिम सांस ली है। 'दिशोम गुरु' के नाम से लोकप्रिय शिबू सोरेन का सर गंगा राम अस्पताल में एक महीने से अधिक समय से इलाज चल रहा था। उनके निधन पर 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध थे। उनके निधन से दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति। शिबू सोरेन को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के लिए उच्च सदन में मौन रखा गया।

### तीन बार के थे पूर्व सीएम

शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के संस्थापक और प्रमुख नेता थे। जिन्हें दिशोम गुरु के नाम से भी जाना जाता था। शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को झारखंड के रामगढ़ जिले (तत्कालीन बिहार के हजारीबाग जिले) के नेमरा गांव में हुआ था। वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके थे। ये तीन बार (2005, 2008, और 2009) सीएम के पद पर कार्यरत थे। हालांकि, वे कभी भी अपना सीएम कार्यकाल पूरा नहीं कर सके थे।






सावन महीने के आखिरी सोमवार पर मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में सुबह 7 बजे तक 35 हजार भक्त दर्शन किए थे। सुबह 11 बजे तक ये आंकड़ा 1 लाख पार हो चुका है। अभी भी भक्तों का आना जारी है। यहां शाम को बाबा महाकाल का शाही सवारी निकलेगी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर भक्तों की 5 किमी लंबी लाइन है। आज मंगला आरती में बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा को स्वर्ण मुकुट पहनाया गया। यहां भक्तों के लिए मंदिर प्रशासन ने रेड कारपेट बिछाया है। बारिश और बाढ़ के बावजूद लोगों की भक्ति में कमी नहीं आई है।

## यूपीः 17 जिलों में बाढ़ के हालात, नौ की मौत

**लखनऊ।** प्रदेश में नदियों से सटे हुए 17 जिलों में बारिश का कहर है। रविवार को अलग-अलग जिलों में बारिश की वजह से नौ मौतें हुईं। सोमवार की सुबह सीतापुर जिले में दीवार गिरने से दो किशोरियों की मौत हो गई। यह संख्या जोड़ लें तो 24 घंटे में प्रदेश में बारिश से 11 मौतें हो गई है। भारी बारिश को देखते हुए राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।




### राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

# आपको कैसे पता चीन ने भारत की जमीन हड़पी?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी पर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आपको कैसे पता कि चीन ने भारत की जमीन हड़पी है। अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो ऐसी बातें नहीं कहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 9 दिसंबर, 2022 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़प के बाद भारतीय सेना पर उनकी कथित टिप्पणी को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की खिंचाई की। राहुल गांधी ने कथित तौर ये कमेंट 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान किया था।

**विपक्ष के नेता को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था**

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से चीन के भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने को लेकर दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा कि जब सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति है, तब विपक्ष के नेता को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित तौर पर ये टिप्पणी की थी, जिसमें उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया। इस मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत भी मिली है।



**'अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते'**

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है? विश्वसनीय जानकारी क्या है? अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। जब सीमा पार कोई विवाद होता है... तो क्या आप ये सब कह सकते हैं? आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते?

# कुलगाम में लगातार चौथे दिन सेना का एनकाउंटर जारी

## अब तक 2 आतंकी ढेर, 4 जवान घायल, हेलीकॉप्टर-ड्रोन से आतंकियों की तलाश

**श्रीनगर।** कश्मीर के कुलगाम स्थित अखल के जंगलों में लगातार चौथे दिन सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। अब तक इस ऑपरेशन में दो आतंकवादी मारे गए हैं। 4 जवान भी घायल हुए हैं। इनमें एक सोमवार सुबह घायल हुआ। जवान को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, जंगल में छिपे हुए और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी बढ़ा दी गई है। सीनियर पुलिस और सेना के अधिकारी ऑपरेशन को अंजाम देने में जुटे हैं। रुद्र हेलिकॉप्टर, ड्रोन, हाई टेक्नीक वाले निगरानी उपकरण और पैरा फोर्सेज को तैनात किया गया है।



कुलगाम में मारे गए एक आतंकी की पहचान लश्कर से जुड़े हारिस नजीर डार के रूप में हुई है।

कुलगाम में मारे गए एक आतंकी की पहचान लश्कर से जुड़े हारिस नजीर डार के रूप में हुई है।

कुलगाम में सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त को दो आतंकवादियों को मार गिराया था। दोनों के शव भी बरामद हुए। इनमें एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से अङ-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुए थे।

कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में एक हफ्ते के भीतर यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में छक्कुड़ के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे। कुलगाम में 2 अगस्त को बड़ी संख्या में सिक्योरिटी फोर्सेज को तैनात किया गया था।

कुलगाम में 2 अगस्त को बड़ी संख्या में सिक्योरिटी फोर्सेज को तैनात किया गया था।

**14 लोकल आतंकियों में 7 मारे गए, अब 7 की तलाश**

सुरक्षाबलों ने जिन 14 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उनमें से अब तक 7 मारे जा चुके हैं। हारिस नजीर को छोड़कर, बाकी के 6 आतंकी मई में शोपियां और पुलवामा में एनकाउंटर के दौरान मारे गए थे। शोपियां में 13 मई को ढेर किए गए आतंकियों के नाम शाहिद कुट्टे, अदनान शाफी, अहसान उल हक शेख थे। 15 मई को पुलवामा एनकाउंटर में आमिर नजीर वानी, यावर अहमद भट और आसिफ अहमद शेख मारा गया था।

# सेना अधिकारी ने स्पाइसजेट के 4 कर्मचारियों को पीटा

- एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा; बेहोश हुए स्टॉफ को लातों से मारता रहा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई। दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा।

घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय सेना अनुशासन और आचरण के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले की जांच में अधिकारियों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले में सेना ने कहा है कि वह जांच में पूरा सहयोग करेगी। सेना ने बयान में कहा, हम अनुशासन के उच्च मानकों पर चलते हैं और इस घटना को गंभीरता से ले रहे हैं।

26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टॉफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टॉफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 15 करोड़ के गांजे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री को 15 किलोग्राम गांजे की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया, जिसका अनुमानित मूल्य 14.73 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित सामान को विदेश मंत्रालय का राजनयिक पैकेट नामक लेबल वाले थैले में छुपाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि यात्री बैंकॉक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। उन्होंने कहा, उसके सामान की जांच के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियों ने 14.738 किलोग्राम संदिग्ध गांजा (मारिजुआना) बरामद किया, जिसका अवैध बाजार मूल्य लगभग 14.738 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि आरोपी इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गोपनीय राजनयिक माल बताकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सामान को विदेश मंत्रालय के कथित चिह्न वाले लिफाफों के अंदर छिपाया गया था और आधिकारिक विदेश मंत्रालय (एमईए) टेप से बंद किया गया था। इस संबंध में स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रूस के कामचटका में फिर आया तेज भूकंप

**मॉस्को।** रूस के कमचटका के पूर्वी तट पर रविवार को एक बार फिर 6.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। यह झटका उस भूकंपों की श्रृंखला का हिस्सा है जो बुधवार से इस क्षेत्र में लगातार आ रहे हैं, जिसके कारण कई देशों में सुनामी की लहरें उठीं। इसमें पूर्वी इंडोनेशिया भी शामिल है।

मौसम विज्ञान जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने इसकी 6.8 बताई है। भूकंप और सुनामी केंद्र के निदेशक दायोनी ने भूकंप के बाद एक बयान में कहा, इस भूकंप से इंडोनेशिया में सुनामी का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने तटीय इलाकों के लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अब तक भूकंप के कारण किसी भी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रविवार को यहां आए झटकों की यह श्रृंखला भी कुरिल-कमचटका ट्रेंच की सबडक्शन प्रक्रिया के कारण हुए उथले भूकंप जैसी है। इसे मेगाथ्रस्ट भूकंप भी कहा जाता है, जो महाद्वीपीय प्लेटों की सबडक्शन गतिविधि से होते हैं। इटङ्क्ष् के अनुसार 8.7 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद कुल 426 झटके आए हैं, जिनमें सबसे बड़ी तीव्रता 6.9 और सबसे छोटी 4.0 रही।



# 2013 केदारनाथ हादसा- कंकालों की खोज दोबारा शुरू

## आपदा के बाद से हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता, 702 की आज तक पहचान नहीं

**उत्तरकाशी।** केदारनाथ में 2013 में आई आपदा में लापता हुए लोगों के कंकालों की खोज इस साल फिर से शुरू हो सकती है। उस आपदा में लापता हुए 3075 लोगों का आज तक पता नहीं चल सका है। इसके लिए उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में सरकार से लापता हुए लोगों के कंकालों की खोज करके उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किए जाने की अपील की गई थी। सरकार चार बार टीमें भेज चुकी है।

**7 साल बाद मिले थे 703 नरकंकाल**

2020 में खोजी दल ने चट्टी और गोमुखी क्षेत्र में 703 नरकंकाल बरामद किए गए थे।



2014 में 21 और 2016 में 9 कंकाल बरामद हुए थे। नवंबर 2024 को 10 टीमें विभिन्न पैदल मार्गों पर खोज में निकली थीं, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिल पाई थी। प्राप्त कंकालों के उञ्ठअ परीक्षण के जरिए इनके परिजनों का पता लगाया जाता है।

ऐसे में इस साल दोबारा सर्च टीम भेजने की तैयारी की जा रही है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन के अनुसार इस साल भी सर्च टीम भेजने की तैयारी है। हम रिपोर्ट को हाईकोर्ट में प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 2016 और फिर 2019 में राज्य को निर्देश दिए थे कि वह 3075 लापता लोगों के अवशेषों की तलाश करे और उनका अंतिम संस्कार करे। आदेश के बाद सरकार की ओर से केदारनाथ के आसपास के पैदल मार्गों में सर्च टीमें भेजी गई थी।

**702 मृतकों को अपनों की तलाश**

केदारनाथ आपदा में मारे गए 702 लोगों की आज तक पहचान नहीं हो पाई है। इन मृतकों के डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। पर आज तक इन मृतकों की पहचान नहीं हो पाई। क्योंकि जिन 6 हजार लोगों ने अपने डीएनए दिए थे उनमें से किसी से भी इनका मिलान नहीं हो पाया है। इसलिए अब तक 702 लोगों को अपनी पहचान का इंतजार है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
सोमवार, 04 अगस्त, 2025



## सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़, पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर लगा मेला

# शिव की भक्ति में डूबे लोग







एनएनआई

**आगरा।** सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को शिवालयों में हर-हर शंभु, हर-हर महादेव की गूंज सुबह से ही सुनाई दे रही है। शहर के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगना शुरू हो गई। चौथे सोमवार को आज शाहगंज स्थित पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर विशाल मेला लगा है। मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे हैं। यहां भक्तों की लाइन दर्शन के लिए लगी है। लोगों ने यहां जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक किया। इसके अलावा अन्य शिवालयों कैलाश मंदिर, बल्केश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, रावली महादेव और राजेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ सुबह से ही दिखाई दे रही है। हर ओर लोग शिवभक्ति में डूबे हुए हैं। उपवास भी रखा है।

### बटेश्वर में अभिषेक के लिए पहुंचे कांवड़िए, आधी रात से शुरू हुआ अभिषेक

**बाह।** सावन के चौथे सोमवार को बटेश्वर में ब्रह्मलाल महाराज का अभिषेक करने के लिए रविवार की रात कांवड़ियों की 2 किमी लंबी लाइन लग गई। हरिद्वार, ऋषिकेश, सोरों से हथेश्वरी, कंधेश्वरी और डाक कांवड़ लेकर आए शिव भक्तों के गीत भजन से बटेश्वर रात भर गूंजता रहा। भोले के भजनों के मुकाबले भी कांवड़ियों के बीच खूब हुए। मंदिर प्रबंधक अजय भदौरिया ने बताया कि रविवार आधी रात को ब्रह्मलाल महाराज मंदिर के पट खोल दिए गये। कांवड़ियों ने घंटों की घनघनाहट और बम भोले के घोष के साथ ब्रह्मलाल महाराज का गंगाजल से अभिषेक शुरू किया, जो सोमवार सांझ ढले तक जारी रहेगा।



# रेशम के धागों से सजे बाजार



एनएनआई

**आगरा।** रक्षाबंधन पर अपने भाई की कलाई में प्यार बांधने के लिए बहनें साल भर इंतजार करती हैं कि कब रक्षाबंधन आए और वे अपने भाई को राखी बांधकर उनका ढेर सारा प्यार पाएं। भाई-बहन के इस त्योहार को आने में अभी कुछ दिन शेष हैं, लेकिन रेशम के धागे से बनीं राखियों से बाजार सज गए हैं। बाजार में बड़े भाइयों के लिए जहां रेशम से बने डिजाइनर धागे मौजूद हैं, वहीं बच्चों के लिए बैट्समैन व खूबसूरत डॉल से बनी राखियां स्पेशल कलेक्शन में आई हैं। स्नेह, प्यार और समपर्ण का प्रतीक राखी का त्योहार भाई-बहनों के लिए सबसे बड़ा पर्व होता है। भारतीय परम्परानुसार हर परिवार में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। श्रावण मास में पड़ने वाले रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाइयों पर प्यार की डोर बांधने का बहनें उत्सुकता से इस पर्व का इंतजार कर रही हैं। परिवार से दूर रहने वाली बहनें ने भाइयों के पसंदीदा गिफ्ट लेने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं छोटे भाइयों के लिए वे खुद गिफ्ट देने का इंतजाम कर रही हैं।




### बच्चों के लिए कार्टून राखियां

बच्चों को कार्टूनों से खासा लगाव होता है। फिर चाहे वे टीवी, वीडियो गेम, लंच बॉक्स, बोटल, बैग या फिर स्टेशनरी। हर जगह बच्चों की पसंद में कार्टूनों का राज रहता है तो फिर बच्चों की राखियां कैसे इन कार्टूनों से अछूती रह सकती हैं। बैट्समैन, स्पाइडरमैन, निंजा हतौड़ी, टॉम एंड जैरी, मिकी माउस, डोनाल्ड डक, शक्तिमान व बार्बी डॉल से सजी राखियां इस समय बाजार में छाई हुई हैं, जिन्हें बहनें अपने छोटे भाइयों के लिए खरीदकर ले जा रही हैं।

### रेशम के धागे पहली पसंद

पुराने समय में जहां स्पंज की बड़े आकार की राखियों का चलन था वहीं अब हाथ में रेशम के धागे बांधना ज्यादा पसंद किए जाते हैं। ताकि भाई का सालभर अगले रक्षाबंधन तक अपनी बहना के प्यार को कलाई पर बांध रख सकें। साथ ही रेशम के धागे अब फैशन बन गए हैं, जोकि रेशमी होने के साथ-साथ डिजाइनर होते हैं। ये विभिन्न रंगों में बाजार में उपलब्ध हैं।

### भा रही हैं पूजा की थालियां

अपने भाई की राखी में रौली टीका, नारियल व मिठाई रखने के लिए युवतियां गोटा व मिरर वर्क से सजी पूजा की थालियां की खरीददारी कर रही हैं। ये थालियां गुजराती व राजस्थानी स्टाइल में बनाई गई हैं जो कि त्योहारों पर पारम्परिक लुक देती हैं। इन थालियों में दीपक व रौली, चावल सब चिपके हुए आते हैं। बाजार में रक्षाबंधन पर्व के लिए रेडीमेड थालियां भी छाई हुई हैं और इनकी भी जमकर खरीदारी हो रही है।

### ताजनगरी की नई टाउनशिप

# कन्वेंशन सेंटर में ऊपर बनेगा होटल, दिखेगा ताजमहल

एनएनआई




**आगरा।** ताजनगरी की नई टाउनशिप अटलपुरम में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण तीसरे चरण में होगा। यहां पर ऊपर होटल और नीचे ऑडिटोरियम हॉल होगा। कंसल्टेंट फर्म मैसर्स सिक्का डाइंग, डिजाइन और वैचारिक मॉडल तैयार कर रही है।

पर्यटन नगरी में लंबे समय से एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर की कमी खल रही थी। इसके लिए विकास प्राधिकरण ने पहले इनर रिंग रोड किनारे एत्मादपुर मदरा में 7.4418 हेक्टेयर में 140 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर निर्माण का प्रस्ताव रखा था। जिसे अब अटलपुरम में शिफ्ट किया गया है। भांडई में विकसित हो रही नई टाउनशिप में सार्वजनिक उपयोग के 5000 वर्ग मीटर के भूखंड पर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण होगा।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एडीए बोर्ड से भूमि परिवर्तन का प्रस्ताव पास होने के बाद कन्वेंशन सेंटर आकार लेने लगेगा। प्राधिकरण ने इसके लिए सिक्का एसोसिएट्स को कंसल्टेंट नियुक्त किया है। अधिशासी अभियंता आरआरपी सिंह ने बताया कि वैचारिक मॉडल के बाद इसका निर्माण होगा। तीसरे चरण का उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी-रेरा) में पंजीकरण कराया जा रहा है।

**12 किमी. दूर से दिखेगा ताजमहल**

ग्वालियर हाईवे पर स्थित ककुआ और भांडई में लांच होने जा रही नई टाउनशिप अटलपुरम की ताजमहल से दूरी करीब 12 किलोमीटर है। ऐसे में कन्वेंशन सेंटर में बनने वाले होटल के कमरों से ताजमहल दिखाई देगा। ताज व्यू के नाम से होटल में सुइट्स बनेंगे। इससे पर्यटक भी आकर्षित होंगे।



5 अगस्त को अटलपुरम टाउनशिप की लांचिंग से पहले मंडलायुक्त शैलेंद्र गुप्ता ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण।

# अब्दुल रहमान एक नहीं, कई लोग

### धर्मांतरण गिरोह

- हवाला के जरिए पहुंचती थी रकम
- पुलिस भी नहीं जुटा पा रही जानकारी



**आगरा** एनएनआई। अवैध धर्मांतरण के मामले में पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। इसमें विदेशी फंडिंग से लेकर सामूहिक धर्मांतरण की योजना बनाने तक की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन गिरोह से जुड़े अन्य लोग अब तक नहीं पकड़े जा सके हैं। दिल्ली के मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान, एसबी कृष्णा उर्फ आयशा और रहमान कुरैशी के खातों की डिटेल भी निकाली गई है। उनके कई खाते और कॉल डिटेल में विदेशी नंबर की जानकारी मिली है। जिन खातों से रकम भेजी जा रही थी, उनकी फर्जी आईडी होने की वजह से पुलिस को जानकारी नहीं मिल पा रही है। कई नंबर पाकिस्तानी हैं।

मार्च में सदर की रहने वाली सगी बहनें लापता हुई थीं। उन्हें 18 जुलाई को पुलिस ने बरामद किया था। वह धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के चंगुल में फंस गई थीं। इसके बाद पुलिस ने 14 लोगों को पकड़ा था। पुलिस की पड़ताल में पता चला था कि दिल्ली के मुस्तफाबाद का अब्दुल रहमान गिरोह के लिए फंडिंग करता था। गिरोह की सदस्य आयशा रुपयों को अपने एजेंटों तक पहुंचाती थी। सराय ख्वाजा का रहमान कुरैशी फलस्तीन के लिए फंड जुटा रहा था। वह अपने यूट्यूब के माध्यम से युवक और युवतियों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित कर रहा था।

तीनों के बैंक खातों और मोबाइल की कॉल डिटेल की पुलिस ने जांच की है। आरोपियों के खातों में रकम आने के बाद कई अन्य खातों में जमा भी की जाती थी। पुलिस यह पता कर रही है कि यह खाते किसके हैं। इसके अलावा कई नंबर भी मिले हैं। इनमें पाकिस्तान के नंबर भी शामिल हैं। यह कौन लोग हैं? गिरोह में अब्दुल रहमान जैसे और कितने लोग हैं? इन सबकी जानकारी जुटाई जा रही है। नंबर विदेशी होने के कारण पुलिस को ज्यादा जानकारी नहीं मिल पा रही है।

**कई सवालों के नहीं मिले जवाब**

पुलिस ने भले ही 14 से अधिक लोग पकड़ लिए। उनसे कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है, लेकिन अब भी कई सवालों से पर्दा नहीं उठ सका है। आरोपियों के पास हवाला के माध्यम से रकम आती थी। यह उन तक कौन पहुंचाता था? कई और भी गिरोह में शामिल हैं। पूरा नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था। युवतियों को धर्म परिवर्तन के लिए तैयार करने में कई कश्मीरी युवतियों के नाम आए थे। वे युवतियां कौन हैं? उनकी गिरफ्तारी कब तक होगी? यह सवाल अब भी बरकरार हैं।

## कार ने कांवड़ियों को रौंदा, एक की मौत

एनएनआई

**आगरा।** मिढ़ाकुर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने कांवड़ियों के दल को रौंद दिया। हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई। आधा दर्जन से अधिक घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिढ़ाकुर के पास से कांवड़ लेकर गुजर रहे कांवड़ियों के दल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार कार बीच में घुस गई। चालक ने कार को तेजी से दौड़ा दिया, जिसकी चपेट में आने से कांवड़ लेकर आ रहे रॉकी पुत्र कलुआ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस दल में शामिल आधा दर्जन कांवड़िये कार की चपेट में आने से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजन के साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया है।

## गंदे पानी से परेशान सुरहरा के ग्रामीण

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर निकासी के गंदे पानी से सीमावर्ती क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरहरा के बाशिंदों को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर पालिका परिषद की लापरवाही की शिकायत क्षेत्र की महिला ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से की है।

नगर की जल निकासी के लिए नगर पालिका परिषद का अपना कोई नाला नहीं है। आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एनएचएआई के नाले में लाल डिग्गी पर उसने अपना नाला जोड़ रखा है, जो श्मशानघाट के पास पुरानी पुलिया से होकर ग्राम पंचायत सुरहरा क्षेत्र में गिरता है। यहां से आगे पानी के लिए कोई नाला नहीं बनाया गया है। सुरहरा की ग्राम प्रधान लौंग श्रीदेवी बघेल ने इस बारे में जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि एत्मादपुर नगर का संपूर्ण गंदा पानी कच्चे नाले के माध्यम से ग्राम पंचायत के गांव नगला गंगाराम और गारापुर में होकर यमुना नदी की ओर जाता है। इसकी उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद प्रशासन से शिकायत करते हुए यह सुझाव भी दिया है कि पक्का नाला बनाकर जल निकासी का गंदा पानी सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाए। किन्तु नगर पालिका ने कोई ध्यान नहीं दिया है। मजबूरन ग्राम पंचायत को पक्का नाला बनवाना पड़ा है। मौजूदा समय मलवा एवं प्लास्टिक आने से उक्त नाला चोक हो गया है। इस कारण गांव के रास्ते में गंदा पानी भर गया है। बदबू के कारण ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी हो रही है। गांव के रास्ते में पड़ने वाला रेलवे का अंडर पास भी नाले के गंदे पानी से भरा है। ग्राम प्रधान का कहना है कि रेलवे के अंडर पास में कंकरीट का थोड़ा सा कार्य कराए जाने से गांव के रास्ते में जलभराव की समस्या हल हो सकती है। लेकिन नगर पालिका परिषद लापरवाह बनी हुई है।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# पुलिस ने फायरिंग कर भागते बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा

- बरहन क्षेत्र में दबोचे गए बदमाश के पैर में लगी गोली, एक साथी फरार
- चोरी किए सामान के साथ तमंचा और कारतूस बरामद होने का दावा

एनएनआई



**एत्मादपुर।** थाना बरहन पुलिस ने बीती रात एक बदमाश को 'लंगड़ा' कर दबोच लिया। चोरी की वारदात में वांछित बदमाश चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर बाइक से भागते समय मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किया सामान, मोबाइल फोन संग एक तमंचा व कारतूस बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना बरहन की अहारन चौकी की पुलिस बीती रात को कटका नहर के पुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर जाते दो लोगों को रुकने का इशारा किया। लेकिन बाइक चलाने वाले ने पुलिस को देख रफ्तार और तेज कर दी। इस चक्कर में बाइक फिसलने पर दोनों जमीन पर गिर पड़े। पुलिस के ललकारने पर एक युवक ने भागते में तमंचा से फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर उसे घेर लिया। एक गोली उसके पैर में लगी तो वह मुंह के बल गिर पड़ा। जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया। एसीपी देवेश कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार घायल बदमाश चरन सिंह पुत्र पातीराम के पास से एक 312 बोर का तमंचा, एक खाली और एक भरे कारतूस के साथ एक माह पूर्व सैफुद्दीनपुर (नगला चंद्रभान) में हुई नकबजनी की घटना में चोरी किया गया मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया गया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## आगरा से बरेली का सफर ढाई घंटे में होगा पूरा

- नये एक्सप्रेस-वे का 30 फीसदी कार्य हुआ पूरा

**आगरा** एनएनआई। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने आगरा (मथुरा)-बरेली ग्रीन कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) का निर्माण कार्य तेज कर दिया है। दूसरे चरण में 30 फीसदी हाईवे बन गया है। 2027 में ये प्रोजेक्ट पूरा होगा। इससे आगरा-मथुरा से बरेली महज ढाई घंटे में पहुंच जाएंगे। अभी पांच से छह घंटे का समय लगता है।

मथुरा के बाद से बरेली के बीच 228 किमी का फोर लेन ग्रीन एक्सप्रेस-वे बन रहा है। इसकी लागत 7700 करोड़ रुपये है। पहले चरण में मथुरा से हाथरस के बीच 66 किमी है, जिसमें 50 फीसदी मार्ग का निर्माण हो गया है। इस पर यातायात भी शुरू हो गया है। दूसरे चरण में हाथरस से कासगंज के बीच 57 किमी है, इसमें से 30 फीसदी रोड बन गई है। कासगंज से बदायूं 46 किमी और बदायूं से बरेली के बीच 59 किमी रोड बनाया जाएगा।

इसका भी निर्माण शुरू हो गया है। 228 किमी लंबे एक्सप्रेस वे में 20 फ्लाईओवर, 26 अंडरपास, 5 बड़े पुल और 6 रेल ओवर ब्रिज भी बन रहे हैं। दूसरे चरण के हाईवे में 30 फीसदी कार्य हो गया है। ये चरण एक साल में पूरा हो जाएगा। वर्ष 2027 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस के बाद आगरा व मथुरा से बरेली की दूरी मात्र ढाई घंटे में तय हो सकेगी।

**जाम से मुक्ति, समय भी बचेगा**

आगरा खंड एनएचएआई के परियोजना निदेशक संदीप यादव ने बताया कि बरेली ग्रीन कॉरिडोर बनने से आगरा-मथुरा से बरेली के लिए सीधे जुड़ जाएगा। दो से ढाई घंटे में बरेली पहुंच जाएंगे। इसके निर्माण से आसपास के जिलों के लोगों को सुविधा मिलेगी। जाम से बचाव होगा, दूरी कम होने से समय की भी बचत होगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
सोमवार, 04 अगस्त, 2025


# विकास से राजेश्वर मंदिर अछूता क्यों?

- भक्तों ने बैठक कर जताया आक्रोश
- क्षेत्रीय विधायक की टिप्पणी को बताया अमर्यादित
- मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर करेंगे प्रदर्शन

एनएनआई

**आगरा।** मंदिरों में कराए जा रहे विकास कार्यों से राजेश्वर महादेव मंदिर के साथ सौतेला व्यवहार किए जाने को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। इसको लेकर प्रांगण में हुई बैठक में छावनी विधायक जी एस धर्मेश को इस गलती का एहसास कराने के लिए योजना बनाई गई। बैठक में कहा गया कि



राजेश्वर मंदिर को विकास के लिए आवंटित अनुदान में क्यों नहीं शामिल किया गया। प्रदेश सरकार ने आगरा की विभिन्न विधान सभाओं में प्रमुख मंदिरों के विकास को करोड़ों रुपए आवंटित किए गए, लेकिन राजेश्वर मंदिर के साथ अन्याय किया गया। बैठक में विधायक धर्मेश द्वारा सनातन के लोगों को विरोधी बताकर दिए बयान की निन्दा की गई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डीके वशिष्ठ और उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश रावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा नई-नई योजनायें बनाकर मंदिरों के कराए जा रहे विकास और सौन्द्रीयकरण की सराहना की। बैठक में कहा गया कि विधायक के द्वारा की गई अमर्यादित भाषा को भोले के भक्त सहन नहीं करेंगे। सरकार की योजना में राजेश्वर मंदिर के लिए प्रस्ताव न देना गलत है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 अगस्त को सुबह 10 बजे मंदिर से भक्त कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन देंगे। मांग करेंगे कि मंदिर को सरकार से अनुदान दिलवाये जाए। बैठक में डीएम आगरा के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद एसडीएम सचिन राजपूत ने बताया कि डीएम क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के द्वारा अनुपूरक मांग प्रस्ताव लगाकर कार्य कराने का प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यश विमल तिवारी, अनिल रावत, बंटी ठाकुर , गोविन्द पाराशर , पप्पू ठाकुर, महेंद्र शर्मा , जितेंद्र देपुरिया, राकेश शर्मा , यश शर्मा , बॉबी अरेला , सतीश पुरी , भूपेंद्र मुखरैया आशीष पाठक, दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## प्लास्टिक पर्यावरण के लिए विष के समानः विधायक खंडेलवाल

### भाविप नवज्योति ने कपड़े के थैलों का वितरण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद नवज्योति शाखा की ओर से बल्केश्वर सब्जी मंडी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 1001 कपड़े के थैले वितरित किए गए। इस अभियान के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, पार्षद मुरारीलाल गोयल, हरिओम अग्रवाल, ब्रज प्रांत अध्यक्ष उमेश बंसल और महासचिव विवेक अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि विधायक खंडेलवाल ने कहा, प्लास्टिक पर्यावरण के लिए विष के समान है, जबकि कपड़े के थैले बार-बार उपयोग किए जा सकते हैं और ये जैविक रूप से सुरक्षित भी हैं। परिषद अध्यक्ष सीए दीपिका मित्तल ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग का त्याग कर ही हम कैंसर जैसी बीमारियों से बच सकते हैं और भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण दे सकते हैं। राहगीरों और दुकानदारों को थैले वितरित करते हुए 'पॉलिथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, डॉ. अमित सिंघल, अनिल अग्रवाल टोटी भाई, अंकुर अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, नीलू जैन, रजनीश गुप्ता, नरेंद्र अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, नीरज जैन, दीपक भार्गव, अमित अग्रवाल, अंकुश मित्तल, गिर्राज बंसल, सुशील गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल,पंकज अग्रवाल, शुभम गोयल, संजय वर्मा, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।



## संविधान के सम्मान में जुटी है आरपीआईः डॉ. रामदास आठवले

एनएनआई

**आगरा।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आगरा बाबा साहब आंबेडकर को मानने वालों का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि आरपीआई ने अतीत में आगरा से चार विधायक दिए थे और यहां से 'जय भीम' का नारा सबसे पहले गूंजा था। डॉ. आठवले ने बताया कि संविधान के सम्मान और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगरा में संविधान सम्मान रैली आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आरपीआई केवल राजनीति नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, शिक्षा, चिकित्सा और न्याय जैसे अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में पार्टी 10 सूत्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर और युवाओं के बीच जनसमर्थन बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और प्रयागराज के बाद अब आगरा में संविधान सम्मान सम्मेलन हो रहा है। पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार दिया जा रहा है ताकि बाबा साहेब के विचार गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचें।



## कम समय में तेज गति से करेंगे प्रभु राम का कामः सांसद नवीन जैन

### जनकपुरी महोत्सव समिति की कार्यकारिणी का विस्तार, नए पदाधिकारियों का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर में आयोजित होने वाले जनकपुरी महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट में जनकपुरी महोत्सव समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में नए पदाधिकारियों और कार्यकताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य संरक्षक राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने कहा कि कम समय में तेज गति से प्रभु श्रीराम का कार्य होगा। समिति के सभी पदाधिकारियों को सक्रिय कर कमला नगर के हर ब्लॉक, पार्क और क्षेत्र को सजाया जाएगा और विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने आयोजन को भव्य, अनुशासित और मर्यादित बनाने का आह्वान किया। मार्गदर्शक राकेश गर्ग और अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि समिति में योग्य, सम्मानित और कर्मठ लोगों को जोड़ा गया है। महामंत्री प्रदीप अग्रवाल ने संचालन किया। इस अवसर पर सैकड़ों गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी, पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकारिणी में स्वागताध्यक्ष डीडी सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, मंत्री अनूप अग्रवाल, मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल सहित महिला समिति की मंजू मंगल, वंदना अग्रवाल और मोनिका अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई।



## एसएनएमसी में खुला हेपेटाइटिस क्लीनिक

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज में हेपेटाइटिस क्लिनिक की शुरूआत की गई है। विश्व हेपेटाइटिस सप्ताह के अंतर्गत सीएमई का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हेपेटाइटिस लैट्स ब्रेक इट डाउन रही। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग और मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर द्वारा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संगोष्ठी और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. प्रशांत गुप्ता द्वारा मेडिसिन विभाग की दूसरी मंजिल पर हेपेटाइटिस क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। क्लीनिक में हेपेटाइटिस से जुड़ी सभी प्रकार की जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं फ्री मिलेंगी। कार्यक्रम में बताया कि वायरल हेपेटाइटिस बी और सी, लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसे गंभीर रोगों का प्रमुख कारण हैं, जिनका समय पर इलाज संभव है। सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व हेपेटाइटिस बी जांच अनिवार्य है, और संक्रमित माताओं के नवजात शिशुओं को जन्म के 24 घंटे के भीतर HBIG तथा हेपेटाइटिस बी वैक्सीन की पहली खुराक देना आवश्यक है। सचेत किया गया कि अगर पीलिया, भूख न लगना, थकावट, पेट दर्द, गहरे रंग का मूत्र जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत जांच करवाएं। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. टीपी सिंह, विभागाध्यक्ष, डॉ. प्रभात अग्रवाल, डॉ. मनीष बंसल, डॉ. अजीत सिंह चाहर, डॉ. नेहा आजाद, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. सूर्यकमल वर्मा उपस्थित रहे।



# वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित द्विसाप्ताहिक अंतरविषयी अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'भारतीय ज्ञान परंपराः कल, आज और कल' का समापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ कार्यशाला संयोजक एवं केएमआई संस्थान निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी हमारी जीवनशैली, पूजा-पद्धति और सोच में जीवित है। मुख्य अतिथि प्रो. विनय पाठक (कुलपति, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) ने भारतीय संस्कृति की गहराई और सार्वकालिक प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें आज भी सजीव हैं। डॉ. भानुश्री सिसोदिया (सिराक्यूस यूनिवर्सिटी, अमेरिका) और डॉ. कुसुम नैपसिक (ड्यूक यूनिवर्सिटी) ने अमेरिका में भारतीय भाषा एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार की जानकारी दी। डॉ. अखिलेश निगम (पुलिस उपमहानिरीक्षक, सीआईडी लखनऊ) ने भारतीय चिंतन परंपरा की वैज्ञानिकता को उजागर किया। प्रो. पूरनचंद टंडन (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने कहा कि ज्ञान ही मानवता की उन्नति का मार्ग है। कनाडा से कवि गोपाल बघेल 'मधु', और आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संजय चौधरी सहित कई वक्ताओं ने विचार साझा किए। कार्यशाला में भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापना का आह्वान किया गया।

# ढोल-नगाड़ों संग निकाली कलश यात्रा, शिवपुराण कथा का हुआ शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** मदिया कटरा स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में नौ दिवसीय शिवपुराण कथा का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजों की गूंज के बीच भक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ क्षेत्रवासियों को कथा में आमंत्रित किया। 251 महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति भाव से यात्रा में सहभागिता की। कलश यात्रा से पूर्व मंदिर में गणेश पूजन हुआ। नर्मदेश्वर मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में पहले दिन वृंदावन से आए भरतलाल शास्त्री महाराज ने व्यासपीठ से सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। सोमवार को कथा के प्रथम अध्याय का वाचन होगा। इस अवसर पर कमल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सनी शर्मा, धर्मेंद्र अग्रवाल, रामकुमार खंडेलवाल, पवन वर्मा, नितेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्तनपान जागरूकता पर आंबेडकर विवि में पांच दिवसीय एफडीपी शुरू

- मानसिक, सामाजिक और स्वास्थ्य पहलुओं पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा एवं उत्थान फाउंडेशन, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में स्तनपान की प्राथमिकताएंः सतत समर्थन प्रणाली का निर्माण विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) की शुरुआत 2 अगस्त से हुई। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस ऑनलाइन एफडीपी का उद्देश्य स्तनपान से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए सशक्त प्रणाली तैयार करना है। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में तथा गृह विज्ञान संस्थान की निदेशक प्रो. अचला गक्खड़ और डीन प्रो. अर्चना सिंह के सहयोग से संचालित हो रहा है। पहले दिन डॉ. प्रिसिला सैमसन और सुश्री सोनिया एग्नेस सिंह ने स्तनपान के मानसिक व भावनात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन सुश्री भूमिका सिंह और डॉ. समरा बतूल ने स्तनपान की चुनौतियों और स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका पर चर्चा की। यह कार्यक्रम 6 अगस्त तक प्रतिदिन गूगल मीट पर आयोजित हो रहा है, जिसमें विशेषज्ञ पोषण, मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य पर संवाद कर रहे हैं।

# एक पौधा मां के नाम अभियान में दिखा पर्यावरण के प्रति प्रेम और मातृत्व को सम्मान

## लायंस क्लब आकाश ने कमला नगर में लगाए 50 फलदार व छायादार पौधे

एनएनआई




**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व को समर्पित एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को लायंस क्लब आकाश ने कर्मयोगी एंक्लेव, कमला नगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान 50 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, जिनमें आम, अमरूद, नीम, पीपल और शहतूत शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय अजय भार्गव ने कहा कि यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि मातृत्व के प्रति आभार प्रकट करने का भावनात्मक संदेश भी देता है। पार्षद कंचन बंसल और हरिओम बाबा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। क्लब अध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय, सचिव अनुराधा गुप्ता व कोषाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि कॉलोनी को हराभरा रखने के लिए संजय गुप्ता ने स्वचालित घास काटने की मशीन भी प्रदान की है। इस अवसर पर मनोज गुप्ता, आरपी अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुनील शर्मा, पवन तेनगुरिया, गौरी शंकर गुप्ता, पीके मोदी, हंसा गुप्ता, संगीता अग्रवाल, स्मृति, अंजना गुप्ता, ब्रजराज सिंह, राजेश चतुर्वेदी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश भी दिया।

# श्वेताम्बर जैन समाज ने मनाया 'युवा दिवस', व्यसनों से दूर रहने का लिया संकल्प

## देशभर से जुटे श्रद्धालु, मुनियों ने युवाओं को दी संयम और सदाचार की प्रेरणा

एनएनआई

**आगरा।** श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन ट्रस्ट के तत्वावधान में महावीर भवन स्थित जैन स्थानक में चातुर्मास कल्प आराधना के अंतर्गत 'युवा दिवस' का आयोजन श्रद्धा, सत्कार और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। गोहाना, लुधियाना, पानीपत, दिल्ली, बिलासपुर, अंबाला, फरीदकोट, जयपुर व मुंबई से पधारे श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छोटी बालिकाओं नव्या, रुदवी और अनाया जैन द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों से हुई, जिन्होंने अपनी मधुर प्रस्तुति से वातावरण को भावविभोर कर दिया। आगम ज्ञान रत्नाकर बहुश्रुत जय मुनि महाराज ने कहा कि युवा शक्ति देश, समाज और परिवार की रीढ़ है। उन्होंने युवाओं से जुआ, शराब, मांसाहार, चोरी और झूठ जैसे कुव्यसनों से आजीवन दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही बच्चों को संस्कार देने के लिए उन्हें गुरुजनों से जोड़ने पर बल दिया। आदिश मुनि महाराज ने युवाओं को संयमित, उद्देश्यपूर्ण और धर्मपरायण जीवन जीने की सलाह दी। उन्होंने 'जवानी का कीड़ा' कहकर अनैतिक कमाई, अनियंत्रित वासना और नशे से सावधान रहने की प्रेरणा दी। विजय मुनि ने धर्म को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि धर्म का खोना, जीवन की सबसे बड़ी क्षति है। धर्म के बिना न धन टिकता है, न स्वास्थ्य और न ही शांति। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने श्री संभवनाथाय नमः मंत्र का जाप कर सेब, समोसा, सॉस और झूठा भोजन छोड़ने का संकल्प लिया। आज की तपस्या में बाल किशनजी ने 25वां आयंबिल और सरिता सुराणा ने चौथा उपवास किया।

# लायंस क्लब विशाल ने 105 पौधे लगा चलाया पौधारोपण अभियान

## एक पौधा मां के नाम संकल्प के तहत हर सदस्य ने निभाया प्रकृति से जुड़ाव

एनएनआई




**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित लायंस क्लब विशाल ने रविवार को आगरा क्लब परिसर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। अभियान के अंतर्गत क्लब के हर सदस्य की ओर से कुल 105 पौधे रोपित किए गए, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव तोमर और वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय अजय भार्गव शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत चेयरपर्सन सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव अजय मनचंदा व कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि अभियान एक पौधा मां के नाम की भावना पर आधारित है, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि मातृत्व के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का भी संदेश देता है। क्लब ने यह संकल्प लिया है कि हर सदस्य हर वर्ष एक पौधा अपनी मां के नाम पर रोपेगा। इस अवसर पर अजय बंसल, रविंद्र अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विनय बंसल, किशन अग्रवाल, अनूप गुप्ता, सुनील बंसल, दिलीप गर्ग सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा, पल्स रिसोर्ट पर बैठक

**आगरा (एनएनआई)।** विकासखंड बरौली अहीर में यदुवंशी समाज की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर आगरा-फतेहाबाद मार्ग स्थित पल्स रिसोर्ट (तोरा पुलिस चौकी के पास) पर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दरियाब सिंह ने की, जबकि संचालन किसान नेता सोमवीर यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 17 अगस्त को शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा को भव्य, सांस्कृतिक



और श्रद्धा से परिपूर्ण बनाने के लिए झांकियों, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में ब्लॉक प्रमुख पिंटू यादव, किसान नेता सोमवीर यादव, राजपाल यादव (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष), राजकुमार यादव (जिला अध्यक्ष, यादव महासभा), चरण सिंह पहलवान, जेपी यादव, देवेंद्र यादव, गुलबीर सिंह, कमलेश शास्त्री, श्याम यादव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## रिमफायर एंड एयर राइफल बेंचरेस्ट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 का भव्य समापन

# सत्या, शुभांशी, कैनेथ और नविका चमके

- देशभर के 103 प्रतिभागियों ने दिखाया कौशल, कर्नल डीके मिश्रा ने किया सम्मानित

एनएनआई



**आगरा।** एकाग्र दृष्टि, स्थिर सांसें और लक्ष्य पर केंद्रित उंगलियां, ताज नगरी आगरा इन दिनों सटीकता और संतुलन की परिभाषा बन गई, जब देशभर के 103 से अधिक युवा निशानेबाजों ने रिमफायर एंड एयर राइफल बेंचरेस्ट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

तीन दिनों तक चले इस रोमांचक मुकाबले का समापन रविवार को हुआ, जिसमें 470 अंकों के साथ सत्या ने ओवरऑल चैंपियन बनकर विजयी निशाना साधा। प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि भारत के उभरते शूटिंग कौशल की नई तस्वीर भी पेश की।

तीन दिवसीय नेशनल रिमफायर एंड एयर राइफल बेंचरेस्ट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 का भव्य समापन रविवार को 2 यूपी बटालियन एनसीसी, ताज रोड परिसर में हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल डीके मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और अपने प्रेरक शब्दों से सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बेंचरेस्ट शूटिंग जैसे खेल युवाओं में न केवल अनुशासन और आत्मनियंत्रण की भावना विकसित करते हैं, बल्कि यह मानसिक संतुलन और निर्णय क्षमता को भी मजबूती प्रदान करते हैं। इस तरह की प्रतियोगिताओं से देश को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मिलेंगे।

इस प्रतियोगिता का आयोजन रिमफायर एंड एयर राइफल्स बेंचरेस्ट शूटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएबीएसएआई) द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष रजत विज ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, उत्तराखंड और तमिलनाडु सहित 9 राज्यों से 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य भारत को बेंचरेस्ट शूटिंग में वैश्विक मानचित्र पर प्रतिष्ठित स्थान दिलाना है।

महासचिव हिना विज ने बताया कि प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में विभाजित कर तीन प्रमुख श्रेणियों में आयोजित किया गया अंडर-18, अंडर-40 और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, जिसमें प्रतिभागियों ने 250 और 500 पॉइंट्स लक्ष्य पर फायरिंग की। इसके अतिरिक्त फ्री हैंड श्रेणी भी आकर्षण का केंद्र रही।

प्रतियोगिता में ट्रेजैक्ट्रॉन एयर राइफल का विशेष तकनीकी सहयोग रहा। उनके विशेषज्ञ जेनुअल और हर्षद ने प्रतिभागियों को आधुनिक उपकरणों व शूटिंग तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रतियोगिता के दौरान बेंचरेस्ट शूटिंग के तकनीकी मापदंड, दृष्टि संतुलन, फायरिंग तकनीक और भारतीय तकनीकी नवाचार पर भी व्यावहारिक चर्चा हुई। समापन समारोह में ऋषि, स्वरूप, भावतेश, पीयूष, आयुष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## शहर में रेडीमेड गारमेंट और आईटी हब बनाने की मांग



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय व्यापारी दिवस पर शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सम्मान समारोह में आगरा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष टीएन अग्रवाल के नेतृत्व में आगरा के व्यापारियों की प्रमुख मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का प्रतिवेदन राष्ट्रीय मंत्री मुकुंद मिश्रा को सौंपा।

अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवेदन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से मांग कि आगरा में भी बेंगलूरू की तरह आईटी हब बनाया जायें क्योंकि शहर का युवा बड़े पैकेज के लालच में अपना पुश्तैनी व्यापार को छोड़ कर विदेशों में बस रहें हैं, लेकिन आईटी हब के बनने से उनके पलायन पर रोक लगेगी। शहर के रेडीमेड व्यापार के लिए रेडीमेड गारमेंटस हब और इलैक्ट्रोनिक्स हब इंडस्ट्री बनाने की मांग की, जिससे टीटीजेड की बंदिशो का शहर के व्यापारियों को लाभ मिल सके। पंजीकृत जीएसटी व्यापारीयों को नोमिनी की व्यवस्था लागु करने की मांग की, जिससे प्रोपराइटर की मृत्यु के पश्चात जल्द से जल्द उसके नॉमिनी को नया पंजीयन, बैंक खाता और खरीद बिक्री में सुविधा मिले सके। वही आईटीसी के संबंध मे मांग रखी कि विक्रेता द्वारा अपना जीएसटी समय पर नहीं भरने पर क्रेता का आईटीसी ना रोका जाये व ना ही वह कर क्रेता से वसूला जायें हाईकोर्ट के द्वारा इस तरह के अनेकों ऑर्डर आ चूके है, इसलिए इसे जीएसटी काउंसिल इम्प्लीफाई करे। जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को 60 वर्ष की आयु के उपरांत पेशन और आयुष्मान योजना के तहत 20 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाए। इसके अतिरिक्त शहर के रेडीमेड गारमेंट्स और चांदी की पायल को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में शामिल करने और जीएसटी फैसिलिटी काउंसिल का गठन करने की प्रमुख मांग रखी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में आगरा व्यापार मंडल के संगठन महामंत्री राकेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल राठौर, उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, राजेश सिंघल, मंत्री राजीव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविर में 110 लोगों को मिला परामर्श

**आगरा** एनएनआई। माधव मिलन (राष्ट्रीय स्वयं संघ) एवं नेशनल मेडिकल ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से मासिक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विजय नगर कॉलोनी में लगाया गया। इसमें डा पवन गुप्ता, डॉ अंशिता, डॉ राघवेंद्र दुबे, डॉ चौहान, डॉ असीम गुप्ता आदि ने बरसाती मौसम में 110 व्यक्तियों को परामर्श दिया। नैतिक विकास संगठन भेरोनाला बेलनगंज भी इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में सहयोग दिया गया। हेल्थियन लैब के शैंकी द्वारा जांच निशुल्क की गई। माधव मिलन की तरफ से आलोक आर्य, अजय तोषनीवाल, अशोक अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, योगेंद्र अग्रवाल, अशोक मोदी, ललतेश गुप्ता, अरुण गुप्ता, विनोद गुप्ता आदि का सहयोग रहा।





## मिस्टर आगरा मेंस, महिला बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस चैंपियनशिप आयोजित

**आगरा** एनएनआई। फिटनेस बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा कम्युनिटी हॉल कैंट रेलवे स्टेशन पर मिस्टर आगरा मेंस और महिला बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है महासचिव महफूज आलम और ऑर्गनाइजर अमित बघेल ने बताया चैंपियनशिप ओपन रखी गई है। आगरा फिटनेस बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन टीम के सभी सदस्य-जीत शर्मा, राहुल कुमार, दीपू ठाकुर, एनके ठाकुर, इशान, इरफान, प्रमोद कुमार, नवीन बघेल आदि की मौजुदगी में पोस्टर विमोचन न्यूटन हाउस बिजली घर पर किया गया।

## भारत-अमेरिका रिलेशन आफ्टर सिंदूर एंड टैरिफ वॉर पर हुई गोष्ठी

एनएनआई



**आगरा।** श्री राम फार्म हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसका विषय था " भारत - अमेरिका रिलेशन ऑफ्टर आपरेशन सिंदूर एंड टैरिफ वार" ' गोष्ठी की शुरूआत कर्नल जीएम खान ने ऑपरेशन सिंदूर के विषय में बताते हुए कहा कि ये 2 दिन का संघर्ष लक्षित संघर्ष था और इसमें भारतीय सेना ने सौ प्रतिशत अपने लक्ष्य को प्राप्त किया और संघर्ष में किसी का ब्लड निकलता है तो किसी को मिट्टी तो लगती ही है।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए ब्रिगेडियर मनोज कुमार ने कहा कि सेना के ऑपरेशन और उसकी डिटेल्स पब्लिक नहीं की जा सकती लेकिन सेना ने पाकिस्तान को गंभीर नुकसान पहुंचाया साथ ही कुछ ऐसा गहरा घाव दिया जिससे अमेरिकन हित भी प्रभावित हुए जिसकी बौखलाहट टैरिफ वार में नजर आ रही है लेकिन भारत को बहुत चिंता करने की आवश्यकता नहीं।

प्रोफेसर (डा) राजीव उपाध्याय ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा भारत को मजबूत करना है तो सामाजिक समरसता आवश्यक है साथ ही पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय सचिव डॉ रजनीश त्यागी ने कहा अमेरिका का टैरिफ वार भारत पर एक मानसिक दबाव बनाने से ज्यादा कुछ भी नहीं है। गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए कर्नल यूसी दुबे ने बताया कि भारतीय सेना ने जिस तरह से पुराने और आधुनिक हथियारों से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया उससे पूरी दुनिया अचंभित है।

भारत ने अपनी पुरानी आर्टिलरी गन से ही पाकिस्तानी ड्रोंस का मुकाबला किया और अपनी मंहगी मिसाइलों से पाकिस्तान की एयरफोर्स और एटमी ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। गोष्ठी का विषय प्रवर्तन एवं संचालन महामंत्री डॉ दिवाकर तिवारी ने किया। संगोष्ठी में प्रमुख सहयोगी प्रोफेसर (डॉ )पंचशील शर्मा-श्री राम फार्म हाउस, भाजपा नेता विक्रांत शर्मा, डॉ डीएस तोमर, डॉ गजेंद्र सिंह, अन्नू दुबे, मृगांग त्यागी, मनोज राघव, अमितेश दीक्षित, अमित त्यागी, रवि करोटिया, भरत सिंह सोलंकी, तर्ष वशिष्ठ, डा डी एस छौंकर, राहुल चौधरी, राहुल पालीवाल, करुणा नागर, शैलेश अग्रवाल, विकास शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# पुलिस और फौज में भर्ती होने की मन्नत, 15 छात्राएं कांवड़ लेकर पहुंची बटेश्वर

एनएनआई

**बाह।** बीए की पढ़ाई कर रही 15 छात्राएं पुलिस और फौज में भर्ती होने की मन्नत के साथ रविवार को बटेश्वर में कांवड़ लेकर पहुंची। बाह के मंगदपुर गांव की काजल, नेहा, प्रतिभा, डिंपल, अर्चना, करिश्मा, शिवा, कीर्ती, डोली, निहारिका, नीतू, लवली, आकांक्षा, मोनिका, आस्था, स्वीटी ने बताया कि सभी बीए की पढ़ाई कर रही हैं। भोलेनाथ से पुलिस और फौज में भर्ती होने की मन्नत मांगी है। कांवड़ की इच्छा जताने पर माता पिता ने आशीर्वाद दिया। सोरों के कछला घाट से डाक कांवड़ में गंगाजल भरा और बटेश्वर के लिए चल पड़े।



रविवार अपरान्ह 3 बजे बटेश्वर पहुंची छात्राओं ने बताया कि डाक कांवड़ यात्रा के दौरान उनके भाइयों ने हौसला अफजाई की। ब्रह्मलाल महाराज का गंगाजल से अभिषेक करने के बाद गांव के देवालय में कांवड़ चढ़ाएंगे। छात्राओं की शिव भक्ति देखने वाले श्रद्धालु भी आश्चर्य में पड़े बिना नहीं रहे।



### बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री बांट कर बोले पर्यटन मंत्री

# पहली प्राथमिकता बाढ़ पीड़ितों की मदद, दिलाया भरोसा

एनएनआई

**बाह।** प्रदेश के पर्यटन एवं आगरा के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह रविवार को बाह के बाढ़ प्रभावित भगवानपुरा गांव पहुंचे। ग्रामीणों से बाढ़ के हालात जाने उन्होंने बाढ़ की आपदा के लिए गांव के लिए वैकल्पिक मार्ग पर सड़क बनाए जाने की मांग रखी। प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सरकार की पहली प्राथमिकता बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचाना है। उनकी दूसरी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ के बाद बीमारी फैलने की संभावना रहती है। स्वास्थ्य विभाग एवं पशु पालन विभाग की टीमें शिविर लगा कर बीमारों का इलाज कर रही हैं। हर स्तर पर सरकार मदद करेगी। घरों



और फसलों के नुकसान का आंकलन कर प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ से नुकसान की स्थिति और प्रभावितों की मदद को लेकर रविवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वीडियो कॉफ्रेंसिंग पर जानकारी देंगे। इस दौरान बाह की विधायक पक्षालिका सिंह, डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी, एडीएम वित्त शुभांगी शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम हेमंत कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, एसीएमओ डॉ. अमित रावत, बीडीओ नीरज तिवारी, नायब तहसीलदार सुधीर गिरी, दयाचंद पौरुष आदि रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 64 को मिला उपचार

**बाह।** रास्ता खुलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार को बाढ़ प्रभावित भगवानपुरा गांव में पहुंच गई। अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में फार्मासिस्ट सौरभ पाल, सौरभ चौहान, अक्षय सोलंकी, अब्दुल रहमान, आकाश सिंह टीम ने 64 रोगियों का परीक्षण और उपचार किया। अधीक्षक ने बताया कि अधिकांश रोगी बदन दर्द, जुकाम, बुखार, फोड़े, फुंसी, खुजली के रहे। तीमारदारों को क्लोरीन की गोलियां वितरित की गई। साफ पानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

# टैक्सी में छूटा कैमरा मिलने पर फ्रांसीसी पर्यटक खुश



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सीकरी स्मारकों को निहारने आए फ्रांसीसी पर्यटक परिवार का गुम हुआ कैमरा मिलने पर प्रसन्न हो उठा।

बता दें कि फ्रांसीसी पर्यटक आटॉइन ओबरलेंडर व पत्नी औरेलिया व उनकी दो बेटियां जयपुर से सीकरी रविवार को लगभग 2:00 बजे टैक्सी से आए। होटल में चेकिंग करने के बाद जब उन्हें पता चला कि उनके पास कैमरा नहीं है तो उन्हें टैक्सी चालक को फोन लगाने के काफी प्रयास किया मगर संपर्क नहीं होने पर परेशान पर्यटक ने होटल स्वामी के साथ जाकर थाने में सूचना दी। मामला पर्यटक से जुड़ा होने के चलते प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह के निर्देश पर सक्रिय हुई पुलिस द्वारा टैक्सी चालक का नंबर खोज निकाला और उसे सीकरी में वापस बुलाया गया तथा टैक्सी में तलाशी लेने पर कैमरा मिल गया और कैमरा पुलिस द्वारा पर्यटक परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस की तत्परता के चलते 2 घंटे के अंदर पर्यटक को उसका कैमरा वापस दिलाया गया। कैमरा वापस मिलने पर पर्यटक परिवार द्वारा पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# सांसद राजकुमार चाहर ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

एनएनआई

**पिनाहट।** चंबल नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का रविवार को फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने दौरा किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लंबरदार, भाजपा नेता सुग्रीव चौहान, नितिन वर्मा, उप जिलाधिकारी बाह हेमंत कुमार बिंद, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद राजकुमार चाहर ने पिनाहट क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



और उनकी हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। कस्बा पिनाहट स्थित चंबल नहर डाल परियोजना स्थल पर पहुंचकर सांसद चाहर ने जल स्तर का जायजा लिया।

उन्होंने खेतों में बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का निरीक्षण कर प्रशासन को जल्द से जल्द सर्वे कराने और किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता देने को कहा गया। प्रशासनिक टीम ने भी बाढ़ राहत कार्यों की बारीकी से निगरानी की और सुरक्षित स्थलों पर राहत शिविरों की व्यवस्था की समीक्षा की। सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीणों के साथ खड़ी है। जल्द ही सभी प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई जाएगी और पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बाढ़ से बर्बाद हुई फसलें और आवासों की स्थिति को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत कार्यों में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई।

# शरीर पर तेजाब डालकर युवक का कत्ल, पेट भी फाड़ा

**कासगंज।** अलीगढ़ के धनसारी निवासी युवक को बेहद बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया।

थाना छर्रा में गांव धनसारी निवासी यूसुफ खां (28) का शव शनिवार की दोपहर ढोलना क्षेत्र में गांव जखेरा मार्ग पर बंद पड़े भट्ठे की झाड़ियों में मिला था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव चार दिन पुराना था और उसमें कीड़े पड़े हुए थे। सिर से बाल गायब थे। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। देर शाम कपड़े देखकर परिजन ने उसकी शिनाख्त की। ढोलना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पहले उसके दोनों हाथों को पीछे खींचकर बांधा गया, फिर किसी धारदार हथियार से पेट में वार करके उसे मौत के घाट उतारा गया।

शव को तेजाब से बुरी तरह झुलसा दिया गया, जिससे उसकी शिनाख्त न हो। हालांकि, कपड़ों और चप्पलों की मदद से परिजनों ने उसकी कर ली। यूसुफ के पिता भूरे खां ने बताया कि युसुफ मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। वह 29 जुलाई की सुबह घर से काम पर जाने की बात कह कर निकाला था।

## संपादकीय

### एसआईआर के सामने ममता ने बंगाल में खोला नया मोर्चा

चुनाव आयोग ने बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरूआत कर दी है। आयोग ने इसे किश्तों में शुरू किया है और जल्दी ही पूरी तैयारी के साथ आयोग इस काम में उतरेगा। ध्यान रहे बिहार के मुकाबले पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी इस एक्सरसाइज को लेकर ज्यादा आक्रामक हैं और इसके विरोध की तैयारी कर रही हैं। तभी चुनाव आयोग ने हालात का अंदाजा लगाने के लिए पहले 11 जिलों के नाम जारी किए हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उत्तरी और दक्षिणी बंगाल के 11 जिलों के नाम और 2002 के विशेष गहन पुनरीक्षण के आधार पर बनी मतदाता सूची अपलोड की गई है। मतदान केंद्र के हिसाब से यह मतदाता सूची अपलोड की गई है।चुनावा आयोग ने इसके साथ ही कहा है कि जल्दी ही बाकी सभी जिलों की मतदाता सूची जारी की जाएगी। इस तरह आयोग ने संकेत दिया है कि 2002 की मतदाता सूची के आधार पर पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान चलाएगी। इसका मतलब है कि जिन लोगों के नाम 2002 की मतदाता सूची में हैं उन्हें कोई दस्तावेज नहीं जमा कराना होगा। वे सिर्फ मतगणना प्रपत्र भरेंगे और उसके बाद जो लोग मतदाता बने हैं उन्हें चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित किए गए दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज के साथ प्रपत्र भरना होगा। वहीं राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान का अभियान चल रहा है। इसके अलावा देश के दूसरे हिस्सों में भी खास कर भाजपा शासित राज्यों में पुलिस यह अभियान चला रही है। कुछ राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठिए हिरासत में लिए गए और कुछ को निकाला भी गया। हालांकि यह संख्या सौ से भी कम है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे बांग्ला अस्मिता और बांग्ला भाषा के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बांग्ला बोलने वालों को भाजपा शासित राज्यों मे परेशान किया जा रहा है। उनकी बात पश्चिम बंगाल में लोग सुन रहे हैं और मान भी रहे हैं क्योंकि पुलिस तो बांग्ला बोलने के आधार पर ही लोगों को रोक रही है।ममता बनर्जी ने इसे बांग्ला अस्मिता का मुद्दा बना कर राजनीतिक लाभ लेने की तैयारी शुर कर दी है। ध्यान रहे पिछला चुनाव भी उन्होंने बांग्ला अस्मिता पर ही लड़ा था। ममता बनर्जी ने अपना बहुचर्चित भाषा आंदोलन शुरू कर दिया है। उन्होंने शुरूआत बोलपुर से की, जो गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की कर्मभूमि रही है। शुरूआत के लिए उन्होंने 28 जुलाई का दिन चुना, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने मातृभाषा दिवस घोषित कर रखा है। इस आंदोलन का कारण देश के अलग- अलग राज्यों में बांग्लाभाषी लोगों पर हो रहे हमले हैं। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि लोगों को सिर्फ बांग्लाभाषी होने के आधार पर विभिन्न राज्यों में सताया जा रहा है। उनके घर-बार तोड़े जा रहे हैं। उन्हें बांग्लादेशी बता कर खदेड़ा जा रहा है। जो घटनाएं सामने आई हैं, उनके मुताबिक बांग्लाभाषी अगर मुसलमान हैं, तो उनके निशाना बनने का खतरा और भी ज्यादा है। इस घटनाक्रम ने ममता बनर्जी को अपने राज्य के लोगों में बांग्ला पहचान के प्रति जागरूक करने और इस मुद्दे पर उन्हें गोलबंद करने का मौका मिला है। साफ है, राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ ही महीने हाथ आए ऐसे मौके का पूरा लाभ उठाने की रणनीति उन्होंने बना ली है। इस सवाल पर पिछले हफ्ते वे कोलकाता की सड़कों पर उतरी थीं। तब उन्होंने बांग्लाभाषियों से दूसरा भाषा आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया। उनका इशारा 1952 में ढाका में हुए बहुचर्चित भाषा आंदोलन की तरफ था। उसे तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषियों पर उर्दू थोपने की पाकिस्तानी शासकों की कोशिश के खिलाफ शुरू किया गया था। उस आंदोलन का परिणाम 1971 में पाकिस्तान के विभाजन और बांग्लादेश बनने के रूप में सामने आया। जाहिर है, अब भारत में बन रहे हालात चिंताजनक हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि तृणमूल कांग्रेस के आरोप निराधार हैं। यह हकीकत है कि देश के विभिन्न हिस्सों से बांग्लादेशियों को निकालने का अभियान छेड़ रखा गया है। संभव है कि इसका निशाना बहुत से भारतीय बांग्लाभाषी भी बन रहे हों। तो इस मसले को ममता बनर्जी ने बांग्ला अस्मिता का प्रश्न बना दिया है। भारत जैसे विभिन्नतापूर्ण देश में पहचान की ऐसी हर राजनीति खतरनाक है। यह घोर चिंताजनक है कि ऐसी सियासत अब देश की मुख्यधारा बन गई है।

# तीज उत्सव में थिरकी महिलायें

एनएनआई



**आगरा।** सर्वजातीय महिला महासभा इन्द्रधनुष की ओर से कारगिल चौराहा स्थित रीगल बैंकट हॉल में हरियाली तीज का पारंपरिक और उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी मधु बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया और रीना सिंह ने दीप प्रवज्जलित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता सिंह ने बताया कि तीज की थीम के अनुरूप महिलाएं हरे परिधानों में सज-धज कर आईं और पूरे जोश से भाग लिया। चुनरी, काजल, माला गेम और 'तीज क्वीन कांटेस्ट' जैसे आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे। करुणा शाक्य तीज का खिताब दिया गया। महिलाओं ने गीत-संगीत पर झूमकर नृत्य किया और जमकर मस्ती की। संयुक्त सचिव डॉ. नीतू चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में नारी शक्ति, परंपरा और उल्लास का खूबसूरत संगम देखने को मिला। पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक माहौल ने तीज को जीवंत बना दिया। स्वागत के दौरान महिलाओं ने एक-एक तीज गीत की दो-दो पंक्तियां गुनगुनाईं, जिससे माहौल में लोक-संगीत की मिठास घुल गई। इस अवसर पर अनिता कुशवाह, सुनीता चौधरी, आरती सिंह, अनिता चाहर, नीलम रावत, मोनिका फौजदार, मोनिका सिंह, रश्मि भारद्वाज, मेघा गुप्ता, मधुबाला सिंह, रूबी शाक्य, अनिता सिंह आदि मौजूद रही।



## रोटरी क्लब आगरा नियो ने मनाई हरियाली तीज

**आगरा एनएनआई।** रोटरी क्लब आगरा नियो ने कमला नगर स्थित होटल में शनिवार को हरियाली तीज उत्सव बनाया , अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल, सचिव पवित्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, डॉ अर्चना सिंघल ने तीज क्वीन रचना को क्राउन पहिना कर सम्मानित किया , नेहा एवं गरिमा ने सभी को गेम्स खिलाए। सावन की मल्हार एवं लोक गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया । कोषाध्यक्ष यतीश सिंह ने सभी का धन्यवाद किया इस दौरान रश्मि सिंह, स्वाति, कविता ,ममता , डॉ गीता , डॉ संजना ,डॉ अनुपम, डॉ रश्मि , डॉ वैशाली डॉ मेडिका ,रितु, रचना एवं अन्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रंगारंग कार्यक्रम से मनाई तीज

**आगरा एनएनआई।** महिला मंडल,गणपति आशियाना, आगरा द्वारा गायत्री हवन द्वारा नवनिर्मित गणपति सदन का उद्घाटन कराया गया एवं हरियाली तीज का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। महिलाओं द्वारा नृत्य, संगीत आदि का भी आनंद लिया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वादिष्ट दाल बाटी का भी सभी सदस्यों द्वारा आनंद लिया गया।



# राखी और रंगों से सजा अमृतम् का सांस्कृतिक मंच

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद अमृतम् शाखा द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत एमराल्ड रेजिडेंसी, अमर बिहार, दयालबाग में राखी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक राखियों का निर्माण किया और सांस्कृतिक विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। बच्चों के साथ-साथ मातृशक्ति की भी उत्साहजनक सहभागिता रही। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रुचि विजय सिंघल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भारतीय पर्वों के प्रति भाव जागृत करना और उनकी कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि दीपा गर्ग ने उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता (राम भाई), सचिव राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष मयंक साक्षी जैन, महिला सहभागिता उपाध्यक्ष रेखा राज अग्रवाल, अलका गुप्ता, प्रीति गोयल, साक्षी जैन आदि उपस्थित रहीं।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## वाणी कपूर



# 'आलोचना जरूरी है, मगर सारहीन न हो'

चिंता से भरा हुआ, वाणी कपूर ने अपनी पहली वेब सीरीज, मंडला मर्डर्स की रिलीज के आसपास अपनी मनःस्थिति का वर्णन इस प्रकार किया है। नेटफ्लिक्स श्रृंखला इस सप्ताह के शुरू में जारी की गई थी और मंच पर शीर्ष स्थान पर ट्रेंड कर रही है। वाणी ने शो में एक कठोर पुलिस वाले की भूमिका निभाने, फिल्मों से ओटीटी तक की अपनी यात्रा और फीडबैक लेने का तरीका सीखने पर विचार किया। मंडला मर्डर्स एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर होने के साथ-साथ एक काल्पनिक नाटक भी है, जो पुलिस प्रक्रियात्मक के साथ अलौकिक का सम्मिश्रण है। गोपी पुथ्रन शो में वाणी एक सीबीआई अधिकारी (शो में सीआईबी में बदल दी गई) की भूमिका में हैं, जिन्हें काल्पनिक पवित्र शहर चरणदासपुर में सीरियल हत्याओं को सुलझाने का काम सौंपा गया है। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। यह टोन, इसकी ऊर्जा में बहुत अलग है मैं इस अवसर के लिए आभारी और खुश हूं, यह तथ्य कि गोपी सर जैसे फिल्म निमार्ता ने मुझमें ऐसा कुछ देखा, वह शो के बारे में बात करते हुए कहती हैं। उनका किरदार, रिया, एक पुलिस अधिकारी है। वाणी और गोपी पुथ्रन के श्रेय के लिए, वे चरित्र को अधिकार और स्थिरता के साथ चित्रित करने में कामयाब रहे, बिना उसे मदार्ना बनाने की आवश्यकता के। वह वास्तव में वह संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कौन है, वाणी कहती हैं। वह एक व्यक्ति है, और सामान्य रूप से लड़कियों और महिलाओं में बहुत आंतरिक शक्ति होती है, और जब जरूरत होती है, तो शारीरिकता इस चरित्र के लिए खड़ी हो जाती है। हालांकि, चरित्र ने वाणी को कैमरे के सामने उनकी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक दिया। वह बताती हैं, "बहुत कम दिखाकर गहराई से महसूस करना कुछ ऐसा था जो सबसे बड़ी चुनौती थी। आप आंतरिक रूप से अधिक काम कर रहे हैं



# जैकलीन फर्नांडीज ने पोल डांस पर अपनी नृत्य कला का किया प्रदर्शन

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने पोल डांस पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया और कहा कि यह बेहद मुश्किल है। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर बताया कि पोल डांसिंग पूरी तरह से ताकत और प्रशिक्षण पर आधारित है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पूरी ताकत और प्रशिक्षण। बेहद मुश्किल, लेकिन एक बार जब आप शुरूआत कर देते हैं, तो यह बहुत ही सार्थक होता है! सदियों बाद वापसी। अभिनेत्री की हालिया रिलीज हाउसफुल 5 है, जिसमें अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और सोनम बाजवा भी हैं, जो पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर भी शामिल हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित, हाउसफुल-5 छः जून को रिलीज हुई। यह फिल्म कई धोखेबाजों की कहानी है जो एक हाल ही में दिवंगत हुए अरबपति के बेटे होने का दावा करते हैं और एक लग्जरी क्रूज जहाज पर सवार होकर उसकी संपत्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। हाउसफुल फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी और यह 1998 की तमिल फिल्म 'कथला कथला' पर आधारित थी। दूसरी किस्त 2012 में बड़े पर्दे पर आई थी। वहीं, हाउसफुल 3 और हाउसफुल 4 क्रमशः 2016 और 2019 में रिलीज हुईं। वह अगली बार वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी। अहमद खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म का बजट काफी बड़ा है। इसमें अक्षय कुमार, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, दिशा पटानी, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, आफताब शिवदासानी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, मीका सिंह, मुकेश तिवारी, जाकिर हुसैन, यशपाल शर्मा और सयाजी शिंदे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत, 'वेलकम टू द जंगल' का निर्माण फिरोज ए नाडियाडवाला ने किया है और यह क्रिसमस सप्ताह में 20 दिसंबर को भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




# चौथे दिन रूट-ब्रूक के शतक


## बारिश से रुका खेल

### भारत जीत से चार विकेट और इंग्लैंड 35 रन दूर

लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार का खेल बारिश के कारण समय से पहले समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। उन्हें जीत के लिए पांचवें और अंतिम दिन 35 रन बनाने होंगे। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ 17 गेंदों में दो रन और जेमी ओवरटन बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। वहीं, भारत के लिए इंग्लैंड की दूसरी पारी में प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट झटके। इसके अलावा आकाश दीप को एक सफलता मिली है।

भारत ने इंग्लैंड के सामने रखा 374 रनों का लक्ष्य

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमानों ने पहली पारी में करुण नायर के अर्धशतक की मदद से 224 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में जैक क्राउली (64) और हैरी ब्रूक (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 247 रन बनाए और 23 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भारत ने यशस्वी जायसवाल के शतकीय और आकाश दीप (64), रवींद्र जडेजा (53) व वाशिंगटन सुंदर (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 396 रन बनाए। इस तरह भारत ने इंग्लैंड पर 373 रन की बढ़त हासिल की और उन्हें 374 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (111) और जो रूट की शतकीय पारियों की मदद से 339 रन बना लिए हैं।



### डकेट का पचासा

चौथे दिन का खेल एक विकेट पर 50 रन से शुरू हुआ। उस वक्त बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। उनका साथ देने के लिए कप्तान ओली पोप आए थे। इससे पहले शनिवार (तीसरे दिन) को तीसरे सत्र में मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया। उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। क्राउली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रनों की जरूरत थी। 82 के स्कोर पर उन्हें दूसरा झटका लगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने बेन डकेट को स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। वह 83 गेंद में छह चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सिराज ने इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। उन्होंने कप्तान ओली पोप को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 34 गेंदों में पांच चौके की मदद से 27 रन बना पाए।

### ब्रूक और रूट : 195 रन की साझेदारी

106 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक का सहारा मिला। दोनों दीवार बनकर डटे रहे और टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इस दौरान हैरी ब्रूक ने 91 गेंदो में अपने टेस्ट करियर का 10वां शतक पूरा किया। वह 98 गेंदों में 14 चौके और दो छक्के की मदद से 111 रन बनाकर आउट हुए उन्होंने चौथे विकेट के लिए जो रूट के साथ 195 रन की साझेदारी निभाई। यह भारत के खिलाफ चौथी पारी में इंग्लैंड की ओर से दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले रूट और बेयरस्टो ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट मैच में इंग्लैंड के सबसे बड़े सफल लक्ष्य का पीछा करते हुए 269* रन जोड़े थे।

### रूट का 39वां टेस्ट शतक

भारत के खिलाफ दूसरी पारी में जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 39वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंदों में अपना सैकड़ा पूरा किया। भारत के खिलाफ यह उनका 13वां टेस्ट शतक भी है। इसके अलावा इंग्लैंड में यह जो रूट का यह 24वां टेस्ट शतक है, जो घरेलू टेस्ट मैचों में किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक शतक हैं। इससे पहले रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस और महेला जयवर्धने ने 23-23 शतक बनाए थे। रूट 152 गेंदों में 105 रन बनाकर आउट हुए जबकि ब्रूक 98 गेंदों में 111 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## सोमवार, 04 अगस्त राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज आप अपने कामों में सफल रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें और सभी फैसले सोच-समझकर लें। विरोधियों से सावधान रहें। पारिवारिक विवादों से बचने के लिए शांत रहना जरूरी है। गुस्सा आपके काम में बाधा बन सकता है इसलिए धैर्य रखें।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है, लेकिन अपने आप पर भरोसा रखें। कामकाज में दिक्कतें आ सकती हैं, जिन्हें धैर्य और मेहनत से पार पाया जा सकता है। समय पर काम पूरा करने के लिए आपको आत्ममंथन करना होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें और भोजन में सावधानी रखें।

आज आपको अपनी सेहत और खर्चों पर विशेष ध्यान देना होगा। आज का दिन थोड़ा कठिनाइयों से भरा रह सकता है। आज कामकाज में ज्यादा मेहनत की जरूरत पड़ सकती है। आपके लिए पारिवारिक और सामाजिक जीवन में तालमेल बनाए रखना जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। आज फिजूलखर्ची हो सकती है।

आज का दिन आपके लिए बहुत ही शुभ रहने वाला है। आपको किसी पुराने निवेश से लाभ मिलने के आसार हैं जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा जातक अपने काम में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको पदोन्नति या वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। आपके पक्ष में प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला हो सकता है।

आपका दिन अच्छा रहेगा लेकिन काम में व्यस्तता बनी रह सकती है। रिश्तेदारों की ओर से कोई तोहफा मिलने से मन खुश होगा। दांपत्य जीवन में प्रेम और समझ बढ़ेगी। अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। लापरवाही न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों की मेहनत रंग लाएगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें वरना बाद में तनाव हो सकता है।

कन्या राशि वालों को आज कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा जातक अपने काम को समय पर पूरा करने में थोड़ी परेशानी महसूस कर सकते हैं। कारोबार में आपको अपेक्षित सहयोग पाने में कठिनाई हो सकती है लेकिन हालात जल्द ही सामान्य होंगे। इसके साथ ही आज परिवार में माहौल अनुकूल रहेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी मेहनत से वरिष्ठ लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आपके बॉस आपके काम की सराहना करेंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। निजी रिश्तों में भी मिठास बढ़ेगी। दोस्तों के साथ बाहर घूमने की योजना बन सकती है। व्यापार में नई योजनाएं लागू करके लाभ पा सकते हैं। सेहत ठीक रहेगी। सुख सुविधाओं पर खर्च करेंगे।

वृश्चिक राशि वालों को आज थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी में संतुलन बनाए रखें। आपको अपनी योजनाएं स्पष्ट रखनी होंगी। अपने मन को शांत रखें। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आपको अपने आत्मबल को जगाना होगा। सेहत को लेकर भी लापरवाही न बरतें।

धनु राशि के जातकों का आज का दिन भावनाओं से भरा रह सकता है। किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। हालांकि शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत करने से हल निकलेगा। नौकरीपेशा जातक अपने काम में व्यस्त रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

आज मकर राशि वालों को आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सतर्क रहें। सोच-समझकर कदम उठाएं। गुस्से पर काबू रखें। यह आपकी मेहनत को नुकसान पहुंचा सकता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिवार में शांति बनाए रखें। खर्चे अधिक हो सकते हैं इसलिए बजट पर ध्यान दें।

आज कुंभ राशि के जातक अपने काम पर अधिक ध्यान दें। किसी योजना को सफल बनाने के लिए आपके लिए टीमवर्क जरूरी रहेगा। अपने सहकर्मियों और पार्टनर की मदद लें और विचारों का आदान-प्रदान करें। नए प्रोजेक्ट या प्रस्ताव आ सकते हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता को ठीक से जांचना जरूरी है। निजी जीवन में थोड़ी परेशानी रह सकती है, जिसमें धैर्य से काम लें। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। खानपान पर ध्यान दें।

मीन राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। आज आपको कारोबार से लेकर करियर में सफलता मिलने के संकेत हैं। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वह आपकी समस्याओं को समझकर सुलझाने में मदद करेगा। काम में भी आपको अच्छी प्रगति मिलेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मुरारीलाल गोयल 'पेंट वाले' लगातार 10वीं बार ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**नवगठित कार्यकारिणी का भव्य स्वागत, उपभोक्ता अधिकारों के लिए लिया संकल्प**

एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की आगरा इकाई की सत्र 2025-28 की कार्यकारिणी की घोषणा एवं स्वागत समारोह बल्केश्वर स्थित संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पार्षद मुरारीलाल गोयल 'पेंट वाले' को लगातार 10वीं बार सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ राष्ट्र निर्माण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहक पंचायत उपभोक्ताओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व पार्षद अमित ग्वाला, अशोक अग्रवाल (शांति), अशोक अग्रवाल




(बीमा), सचिव हरिओम गोयल, सह सचिव विश्वनाथ भारद्वाज, सतेंद्र पाठक, रामप्रकाश जिंदल, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख राजेश प्रकाश मित्तल, अंकेक्षक सीए अमित गोयल सहित 30 से अधिक सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष वी.के. अग्रवाल, सुमन गोयल, कुमकुम उपाध्याय, इंद्र भूषण कुलश्रेष्ठ सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और उपभोक्ता कल्याण के संकल्प के साथ हुआ।


# प्रो. बघेल ने दिखाई अयोध्या एक्सप्रेस को हरी झंडी

**भावनगर-अयोध्या साप्ताहिक ट्रेन सेवा का आगरा से शुभारंभ**

एनएनआई

**आगरा।** केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने सोमवार सुबह संसद सत्र में दिल्ली रवाना होने से पूर्व आगरा ईदगाह स्टेशन से भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट साप्ताहिक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 09201) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रो. बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व में देश को श्रद्धा और सुविधा से जोड़ने वाली ऐतिहासिक कड़ी प्राप्त हुई है। गुजरात के भावनगर से उत्तर प्रदेश की रामनगरी अयोध्या तक चलने वाली यह नई सेवा सेवा, श्रद्धा और समरसता का सशक्त सेतु बनेगी। इस ट्रेन के ईदगाह आगरा व टूंडला स्टेशन पर ठहराव से आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा व मैनपुरी जैसे जिलों के लाखों यात्रियों को अयोध्या, लखनऊ, जयपुर, गांधीनगर व भावनगर तक सीधी यात्रा की सुविधा मिलेगी। शुभारंभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे, आगरा मंडल के डीआरएम गगन गोयल, एडीआरएम प्रणव कुमार, जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव, सीनियर डीएमई राजकुमार वर्मा, डीईएन नितिन गर्ग, डीसीएम हर्षकेश मौर्य व डीओएम कुलदीप मीणा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने यात्रियों से संवाद कर उन्हें सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यह पहल तीर्थ यात्रियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पर्यटन, व्यापार और विकास को भी नई गति देगी।

# मानवता सेवा के रूप में रक्तदान कर मनाया दोस्ती दिवस



**आगरा (एनएनआई)।** पुरानी यादों के किस्से स्टेटस में नजर आए तो फ्रेंड्स तस्वीरों के जरिए स्टोरी में अपनी दोस्ती की दास्तां को बयां किया। किसी ने पार्टी की तो किसी ने पसंदीदा प्लेस में पहुंचकर युवाओं ने दोस्ती के दिवस को सेलिब्रेट किया, लेकिन तीन दोस्तों ने इस दिन को मानवता की सेवा के रूप में रक्तदान के रूप में मनाया। तीनों ने लोकहितम ब्लड बैंक कमलानगर में स्वैच्छिक रक्तदान किया। ये दोस्त हैं चांदी व्यापारी रोहित अग्रवाल, अभिषेक शर्मा स्टेनो जिला न्यायालय और अधिवक्ता रोहित अग्रवाल।

# अग्र माधवी महिला मंडल ने सावन में रचाया स्नेह और ममता का मायका

- अनाथ बेटियों को मिला मायके का दुलार, रक्षाबंधन पर प्रबुद्धजनों से बंधवाई राखी

एनएनआई

**आगरा।** सावन की हरियाली में जब चारों ओर उल्लास और उमंग होती है, उसी भाव को आत्मसात करते हुए माधवी अग्र महिला मंडल ने रविवार को लोहामंडी स्थित अग्रसेन भवन में दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम माधवी बेटियों का मायका का आयोजन कर समाज को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। इस भावनात्मक आयोजन में हाथरस, अलीगढ़, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, ईटानगर से उन अनाथ बेटियों को आमंत्रित किया गया, जिनके विवाह मंडल द्वारा संपन्न कराए गए थे। सावन में यही समाज उनके लिए




मायके जैसा स्नेह लेकर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, सचिव ऊषा बंसल, कोषाध्यक्ष आभा जैन, संयोजक नमित गोयल व सह-संयोजक श्वेता अग्रवाल द्वारा आरती और तिलक से हुआ। झूले, मेंहदी, राखी और गीतों से आयोजन महक उठा। रक्षाबंधन के तहत बेटियों ने समाजसेवियों की कलाई पर राखी बांधकर सुरक्षा और सम्मान का वचन लिया। मुख्य अतिथियों में नीतेश अग्रवाल, फूलचंद, उमाशंकर, ओम प्रकाश, सुरेश चंद गर्ग, मोहलाल अग्रवाल, बीडी अग्रवाल, सुमन प्रकाश जैन (मुंबई), राकेश गर्ग आदि ने उपस्थित होकर आयोजन को सराहा। नीतेश अग्रवाल ने इसे एक सामाजिक क्रांति करार देते हुए कहा, यह आयोजन दिखाता है कि यदि समाज आगे बढ़े, तो हर अनाथ बेटी को मायके का स्नेह मिल सकता है। कार्यक्रम में रजनी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ने दिया सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य का संदेश

- हड्डी रोग विशेषज्ञों ने जागरूकता रैली निकाल बोन एंड जॉइंट वीक की शुरूआत

एनएनआई

**आगरा।** आगरा ऑर्थोपेडिक सोसाइटी की ओर से आयोजित बोन एंड जॉइंट वीक की शुरूआत रविवार को जागरूकता रैली के साथ हुई। रिमझिम बारिश के बीच शहरवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुपम गुप्ता और कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव




बोहरा ने संयुक्त रूप से वाटरवर्क्स अग्रवन से किया, जो शॉप स्क्वायर मॉल, संजय प्लेस पर संपन्न हुई। रैली के दौरान चिकित्सकों ने तख्तियों के माध्यम से संदेश दिया कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। चिकित्सकों ने मार्ग में मिलने वाले वाहन चालकों को नियमों के पालन का महत्व भी समझाया। 3 से 10 अगस्त तक चलने वाले इस सप्ताह में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सड़क सुरक्षा, हड्डियों और जोड़ों की देखभाल संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस रैली में डॉ. डीवी शर्मा, डॉ. मुकेश गोयल, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. संजय धवन, डॉ. संजय चतुर्वेदी, डॉ. राकेश मोहनिया, डॉ. योगेश बिंदल, डॉ. विनीत पाठक, डॉ. विवेक मित्तल और डॉ. देव रंजन अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

